## एक नजर.....

### फिल्म में 4 डी में कटरीना कैफ और वरुण धवन होगी तैयार

रेमो डिसूजा ने अपनी अगली फिल्म को लेकर जब से ऑफिशल अनाउंसमेंट किया है, कटरीना कैफऔर वरुण धवन की जोड़ी सुर्खियों में छाई है। बता दें कि हर बार की तरह रेमो की यह फिल्म भी डांस पर बेस्ड है और इस बार फिल्म में 4 डी टेक्नॉलजी के इस्तेमाल की प्लानिंग की जा रही है। आयाम को छूने की तैयारी कर रही है, क्योंकि खबर है कि इस फिल्म को 4-डी में तैयार किया जाएगा। एक अखबार से हुई बातचीत में रोमो ने बताया कि कैसे वह और उनकी टीम 4डी और IMAX स्पेस को एक्सप्लोर करने में जुटी है। वह इससे जुड़ी तकनीक को सीखने में लगे हैं। थोड़ा पीछे मुड़कर देखें तो रेमो की आखिरी फिल्म 'ABCD 2' 3डी फिल्म थी और लोगों को इसके विजुअल इफेक्ट्स काफी पसंद आए थे। रेमो इससे अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि उनकी अगली फिल्म के लिए लेटेस्ट टेक्नॉलजी का इस्तेमाल उनके लिए और भी ज्यादा डिमांडिंग होगा। रेमा ने इस बात पर भी जोर देकर कहा है कि वह टेक्नॉलजी की वजह से कहानी में किसी तरह का कॉम्प्रोमाइज़ नहीं होने देंगे। पिलहाल रेमो 'रेस 3' की शूटिंग में लगे हैं और इसके खत्म होने के बाद रेमो का प्लान लॉस ऐंजिलिस जाने का है ताकि वह 4डी की टेक्नीक को अच्छी तरह से समझ सकें।

### टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने ससुर संग यूं मनाया बर्थडे

टीवी सीरियल 'नागिन 3' की एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने अपनी फैमिली के साथ गोवा में बर्थ डे मनाया. उन्होंने अपने ससुर के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करते हुए. उन्होंने लिखा, बेहद खास बर्थडे. वो भी ससुर के साथ. मैं बहुत लकी हूं.टीवी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस अनीता हंसदानी इन दिनों अपने नए शो 'नागिन-3' के लुक को लेकर चर्चा में है.अनीता के नागिन लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. अनीता ने शुरुआती दिनों में टीवी से पॉपुलर हुई थी. इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में किस्मत आजमाई. लेकिन फिल्मों में फ्लॉप होने की वजह से उन्होनें टीवी का रुख किया.आजकल अनीता टीवी के पॉपुलर शो ये है मोहब्बतें में दिखाई दे रही हैं. इस शो को टीवी पर आते हुए पांच साल बीत चुके हैं.उन्होंने कहा कि कोई सीरियल लंबे समय तक चलता है तो उसमे हर बार तर्क की बातें नहीं दिखाई जा सकती हैं.मेरे लिए जरूरी है कि शो टॉप रेटिंग में चले. फिर मेरा किरदार चाहे जैसा हो.इस शो में उनके किरदार के कई शेड देखने को मिल रहे हैं. इसलिए ये हमेशा मजेदार होता है।

## एक बार फिर रणबीर और दीपिका की लवलाइफ में आई दरार

रणबीर सिंह और दीपिका पादुकोण को बॉलीवुड का एक क्यूट कपल माना जाता है। दोनों ही एक-दूसरे को बेहद प्यार करते हैं। यहां तक कि खबरें हैं कि दोनों साल के अंत तक शादी के बंधन में बंध जाएंगे। लेकिन इसी बीच उन दोनों के बीच मन-मुटाव की खबरें आई हैं। बता दें कि इस झग? की वजह बने है दीपिका के पूर्व प्रेमी और बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर. बीते दिनों दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर को एक इवेंट में साथ में स्टेज शेयर करते देखा गया था और हाल ही में यह खबरें भी आई थी कि दोनों 9 अप्रैल को साथ में रैंप वॉक करेंगे, लेकिन रणबीर कपूर को टायफाइड होने के बाद यह रैंप वॉक कैंसिल कर दिया गया। यह बात दीपिका पादुकोण के कथित ब्वॉयफ्रेंड रणबीर सिंह को उनके साथ काम करने की बात बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगी। दरअसल, रणबीर सिंह को इसके बारे में कोई खबर नहीं थी कि रणबीर कपूर और दीपिका किसी रैंप वॉक पर साथ दिखाने वाले हैं। हालांकि बाद में रणवीर को सोशल मीडिया पर छाई खबरों से इसके बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद वे नाराज हो गए।

## अप्रैल में दर्शकों ने अक्टूबर को कहा नो

हाल ही में वरूण धवन की फिल्म अक्टूबर रिलीज हुई। लेकिन ओपनिंग के दिन वह दर्शकों को खास लुभा पाने में असफल रही। हालांकि क्रिटिक्स ने इसे वरूण के करियर की एक बेहतरीन फिल्म करार दिया है। बता दें कि वरुण धवन और बनिता संधू की इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.04 करो? की कमाई कर ली है। अभी तो फिल्म को अपनी लागत निकालने के लिए भी लंबा सफर तय करना होगा। फिल्म का बजट करीब 45 करोड़ है, जिसमें से 35 करोड़ रुपए फिल्म के कॉस्ट और प्रोडक्शन पर खर्च किए गए जबकि 10 करोड़ रुपए प्रमोशन पर खर्च हुए। वैसे पहले दिन के कलेक्शन को मद्देनजर रखते हुए यह कहा जा सकता है कि फिल्म को दर्शकों से बहुत अच्छा तो नहीं लेकिन ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की है लेकिन वीकेंड पर और अगले आने वाले दिनों में इसे अपना जलवा बरकार रखना होगा। वरुण की ये फिल्म अक्टूबर अलग तरह की लव स्टोरी है। यह एक खास दर्शक वर्ग के लिए है। फिल्म में वह होटल प्रबंधन छात्र की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसके लिए दिल्ली के एक होटल में शूटिंग की गई है। यह फिल्म देशभर में करीब 1683 स्क्रीन पर रिलीज की गई।

## डायरेक्टर परमीश वर्मा को मोहाली में कुछ अज्ञात

मशहूर पंजाबी सिंगर, एक्टर और डायरेक्टर परमीश वर्मा को मोहाली में कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी. ये हादसा देर रात 1.30 बजे का है. न्यूज एजेंसी भाषा के अनुसार पुलिस ने बताया कि 'गाल नी कडनी' के गायक को मोहाली में हमले के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर परमीश के साथ हुई कहासुनी के बाद आरोपी शख्स ने उन्हें गोली मारी. मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलदीप चहल ने कहा, 'कुछ अज्ञात हमलावरों ने परमीश वर्मा को कल रात सेक्टर 91 के पास उस समय गोली मार दी जब वह घर लौट रहे थे. गोली उनके पैर में लगी है.' अधिकारी ने बताया कि गायक की जान को कोई खतरा नहीं है. पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

## राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने से रोमांचित हूं : पंकज त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी के लिए शुक्रवार की सुबह खुशियां लेकर आई, वह फिल्म 'न्यूटन' के लिए 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'स्पेशल मेंशन' जीतने से बेहद खुश हैं। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इस दौड़ में शामिल हैं। पंकज ने कहा, ÷मैं बहुत खुश हूं।÷ उन्हें फिल्म में सीआरपीएफ अधिकारी की शानदार भूमिका निभाने के लिए यह पुरस्कार मिला। फिल्म में राजकुमार राव भी हैं।अभिनेता ने कहा, ÷मुझे पता नहीं था कि मैं भी पुरस्कार की दौड़ में शामिल हूं। यह जानकर अच्छा लगता है कि पूरे देश ने सोचा कि 'न्यूटन' में मेरा किरदार मेरे सर्वश्रेष्ठ किरदारों में से एक था और भारत के सर्वोच्च फिल्म पुरस्कार में स्पेशल मेंशन पुरस्कार जीतना बस रोमांचकारी है।÷ अमित मसुर्कर निर्देशित फिल्म 90वें ऑस्कर पुरस्कार में भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टी भी थी। पंकज ने फिल्म के निर्देशक और सहकलाकारों का आभार जताया है, जिन्होंने फिल्म में काम करना उनके लिए बहुत आसान बना दिया। फिल्मकार शेखर कपूर, जिन्होंने इस साल राष्टीय पुरस्कार के लिए जूरी की अध्यक्षता की, उन्होंने कहा कि पंकज ने बहुत शानदार काम किया, जिसकी वजह से मुख्य किरदार को उभरकर आने का मौका मिला।

## श्रीदेवी को अवॉर्ड मिलने पर भावुक हुए बोनी कपूर

65वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट ऐक्ट्रेस के लिए श्रीदेवी के नाम की घोषणा की गई। ऐसे में उन्हें चाहने वाले लोग भावुक हो गए। अवॉर्ड की घोषणा करते हुए जूरी हेड शेखर कपूर ने कहा, हमारे बीच जो रिश्ते थे, उसके लिए नहीं बल्कि वह बेस्ट कैंडिडेट थीं, इसलिए उन्हें यह अवॉर्ड दिया गया। इस घोषणा के बाद श्रीदेवी के पति बोनी कपूर ने कहा, 'मैं उन्हें बहुत याद करता हूं। काश वह आज यहां होतीं, यह सम्मान उनके लिए बहुत मायने रखता। हमें नहीं पता कि हमें खुश से हंसना चाहिए या उनकी याद में रोना चाहिए। वह आज होतीं तो बहुत खुश होतीं क्योंकि मॉम उनके लिए बहुत स्पेशल फिल्म थी।' फिल्म के सब्जेक्ट ने उनके अंदर की मां को जगा दिया था। वह स्टोरी को अच्छी तरह समझ गई थीं क्योंकि हमारी बेटियां जाह्नवी और खुशी उनका जीवन थीं और उन्हें पूरी दुनियी की बेटियों की फिक्र थी। सबके लिए मॉम एक फिल्म थी लेकिन मेरे लिए मेरी जिंदगी के प्यार के प्रति एक कलात्मक और भावनात्मक इजहार था।

## अनीता हंसनंदानी ने दोस्तों संग मनाया बर्थडे, सामने आईं तस्वीरें

अनिता हसनंदानी के ग्लैमरस लुक और स्टाइलिश अदा के तो खैर सभी दीवाने है। अनिता सिर्फ फिल्मों और टीवी में ही नहीं बल्कि असल जिंदगी में भी काफी कूल और हैं। अपने 36वें जन्मदिन पर अनिता ने अपने ससुर के साथ ड्रिंक पीते हुई एक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है जिसके बाद ये फोटो वायरल हो गई है। अनीता के ससुर रिटायर्ड आर्मी अधिकारी हैं और अपने बेटे से काफी क्लोज हैं।

## एक लाइन सुनकर फिल्म के लिए राजी हो गईः आलिया

आलिया भट्ट ने साल 2012 में स्टूडेंट ऑफ द इयर से बॉलिवुड में कदम रखा। पिछले 5 साल में वह अपने शानदार अभिनय से सफलता के हाइवे पर इतनी आगे बढ़ गई हैं कि सिर्फ 2 स्टेट्स ही नहीं बल्कि पूरा देश उनका दीवाना है। वह इतनी जहीन अदाकारा बन चुकी हैं कि जितनी आसानी से बद्रीनाथ की दुल्हनिया बनती हैं, उतनी ही सहजता से कश्मीरी जासूस बनने के लिए भी राजी हो जाती हैं। मैंने यह कहानी शूटिंग से एक-डेढ़ साल पहले सुनी थी। तब मेघना के पास कोई स्क्रिप्ट नहीं थी। सिर्फ एक लाइन की कहानी थी कि एक कश्मीरी लड़की है सहमत। उसकी पाकिस्तान में शादी हो जाती है। उसे वहां जासूसी करनी पड़ती है और आखिर में यह होता है। मैंने इतना ही सुना और मैं हैरान हो गई। अमूमन, मैं ऐसा करती नहीं हूं कि एक लाइन सुनकर फिल्म को हां कह दूं, लेकिन यह कहानी सुनकर मुझे लगा कि यह एक जबरदस्त फिल्म बन सकती है। तब मैंने मेघना से कहा कि आप जब भी यह फिल्म बनाना, प्लीज मुझे फोन करना। मैं इसमें बहुत इंट्रेस्टेड हूं। फिर एक दिन फोन आ गया।

## शब्द सामथर्य

**बाएं से दाएं**

1. राज्य की नीति नियम, 'पालिसिनाम' 3. गंभीरता, गम्भीरता 5. अनर्गलोक्ति, जंगली 6. अधीनता, मातहती, अनिवार्य 8. पर्व, त्योहार 10. विदा करना, विदा होने की रस्म 12. लाल प्रसाद की पत्नी जो बिहार की मुख्यमंत्री हैं 15. लुप्तप्राय, होने को 17. नीतिज्ञों, सलाम स्वी 19. परदा, रेगमेन का परदा 20. शालीनता रहना, किसी चीज को पाने के लिए बेचैन रहना।

**ऊपर से नीचे**

1. आराम, सुख, चैन, करार 2. हवादा, मंसूबा 3. बैठ, बैठने 4. यश, शोहरा, खून 5. चेहरा, मुख 7. अधिकारी, जिसका हुक्म चलता हो 8. जिसकी तय कीमतों की सूची हो, बड़ी डायर वाला 9. पृथ्वी, धरती, वसुंधरा 10. विचार करने योग्य 13. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 14. शरतचंद्र चट्टोपाध्याय की एक महान कृति, इसी नाम से बनी, शाहरुख, ऐश्वर्या, माधुरी की फिल्म 16. कम कमाने, गाफूली, लापर, बेरा, परिचि 18. हल्लो, मिलाई-नरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 77 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | ह | म्य | | | वि | | मो | र |
| वा | म | | र | ज | नी | त्र | र | |
| ना | ला | य | क | | त | मा | त्मा | |
| | ब | ह | म | | | च | | क |
| ता | र | | | म | हा | म | हि | म |
| क | | | ज | ल्ला | द | | | नी |
| त | र्क | | स | ह | सा | | गा | त्र |
| त | | | बं | | | रा | य | |
| र | वि | | त | | | ग | ब | रू |

## सू-दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें नवमों का एक सेट बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. आएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और सेट में सिर्फ एक अंक, में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

सू दोकू क्र77का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## राशिफल

मेष- आज उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद होने से कार्यशैली पक्ष क्या मोड़ ले सकता है। संध्याकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। व्यवसाय से संबंधित अतिथि आगमन से कार्य बढ़ना संभव है।

वृष- आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होगा।

मिथुन- राजनीतिक गतिविधियों में सक्रियता आ सकती है। दोहरा बाद बिजनस के लिए नवनिर्माण की रूप रेखा बनेगी। रात्रि के समय किसी मंगलमय समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं।

कर्क- जीवन साथी एवं व्यापार में साझीदारों का सहयोग मिलेगा। सदस्यों में संधि बनी रहेगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अचानक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

सिंह- आज का दिन मिश्रित फलकारक है, समाज में स्वच्छ छवि का निर्माण होगा। प्रमोशन के अवसर मिलेंगे। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने का योग है। व्यर्थ व्यय से बचें।

कन्या- समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उपरधिकारियों बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, पश्चात वही संध्याकाल से लेकर रात्रि तक पुराने मित्रों के मिलन से मन प्रसन्न रहेगा।

तुला- सांसारिक सुख भोगों की वृद्धि कर रहा है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है, सतर्क रहें।

वृश्चिक- दूसरों की सहायता करने से आत्म संतुष्टि प्राप्त होगी। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मुह कुछ खराब हो सकता है। संध्याकाल का समय देव दर्शन करने जा सकते हैं।

धनु- अत्र पत्र के वातावरण को विपरीत बना सकता है। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

मकर- आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पो या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलते समय टेंशन को हावी न होने दें।

कुंभ- बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। नयी प्रॉपर्टी खरीदने की समझाना है। आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब आप जीवन में थोड़ा धैर्य और दूरा बुद्ध से निर्णय करें। नई योजनाएं भी क्रियान्वित आएंगी।

मीन- प्रिय मंगलदर्शन ने अभी अपने कैरियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। संध्याकाल से रात्रि का समय भी मेल मिलाप में बीतेगा।